**DB Power Limited**

Business Office : Village - Badadarha, Post - Kanwali, Dist - Janjgir - Champa, Chhattisgarh, PIN - 495 695
Tel. : +91-7389912699

क्रमांक / डी.बी.पा.लि. / Liasion / 30–05 दिनांक :– 30 / 05 / 2018

प्रति,

अ.प्र.मु.व.सं.(भू–प्रबंध / व.सं.अ.),
अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक,
अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

**विषय :** **जांजगीर चांपा वनमण्डल अंतर्गत हेतु** Extension for Power Plant situated at Village Badadarha **कुल क्षेत्र 5.000 हे. राजस्व वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत पंजीयन हेतु ।**

Proposal No. – FP/CG/IND/40088/2019

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक / भू–प्रबंध / विद्युत / एल.एम–479–177 / 1228 रायपुर, दिनांक 17.05.2019

–0000–

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त प्रकरण में की गई आपत्ति का निराकरण निम्नानुसार है :–

1. कॉलम में C(a) में KML File अपलोड नहीं की गई है। आवेदित राजस्व वन भूमि की KML File अपलोड करें। साथ ही भारत शासन / राज्य शासन से बाड़दारहा में स्थित पावर प्लांट के Extension के लिए कोई पत्र जारी हुआ है तो उसे अतिरिक्त जानकारी वाले सेक्सन पर अपलोड करें।

   आवेदित राजस्व वन भूमि की KML File अपलोड पुनः कर दिया गया है।

   राज्य शासन के द्वारा बाड़ादरहा में पावर प्लांट की स्थापना हेतु कुल 1250 एकड़ भूमि की सहमति प्रदान की गई है, उपरोक्त राजस्व वन भूमि संस्थान की निजी अधिग्रहित एवं आबंटित शासकीय भूमि से लगी होने के कारण सुरक्षा एवं अन्य मापदण्डो को आधार मनाते हुये प्लांट की बॉउन्ड्री के विस्तार हेतु को उपरोक्त 5.000 हे. राजस्व वन् भूमि हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

2. कॉलम में C(iii) में रंगीन टोपोशीट (Resolution 1:50000) बॉउन्ड्री दर्शाते हुये यूजर ऐजंसी के हस्ताक्षर सहित अपलोड करें। आपके द्वारा सादा अहस्ताक्षरित बिना बॉउन्ड्री दर्शाते टोपोशीट अपलोड की गई।

   कॉलम में C(iii) में रंगीन टोपोशीट (Resolution 1:50000) बॉउन्ड्री दर्शाते हुये यूजर ऐजंसी के हस्ताक्षर सहित अपलोड करा दिया गया है।

3. कॉलम में C(iv) में अपलोड की गई जियो रिफ्रेंस मैप की स्कैन कापी में सर्वे एरिया 4.880 हे. दिया गया है जो कि आवेदित क्षेत्र से मिलान नहीं हो रहा है सही मैप अपलोड करें।

   राजस्व अधिकारियो के निरीक्षण एवं राजस्व रिकार्ड के अनुसार 5.000 हे. राजस्व भूमि प्रभावित हो रही है एवं डी.जी.पी.एस. सर्वे के अनुसार 4.880 हे. क्षेत्र प्रभावित है अतः अधिकमान क्षेत्र के प्राथमिकता को आधार मनाते हुये आवेदन हेतु 5.000 हे. क्षेत्र का चयन किया गया है।

4. D-1(I, ii, & iii) में तीन विकल्पों को अलग अलग रंगो में 1:50000 के Resolution के नक्शे में दिखायें। प्रमाणित करें के तीनो विकल्पो में से जो एक विकल्प आपके द्वारा प्रस्तावित किया गया है उसमें सबसे कम वन क्षेत्र व्यपवर्तित होगा। अगर आपके द्वारा प्रस्तावित विकल्प में सबसे कम वन क्षेत्र व्यपवर्तित होना नहीं पाया जा रहा है तो यह प्रमाणित करें कि आपके द्वारा प्रस्तावित विकल्प ही एक मात्र विकल्प है तथा असके अलावा अन्य कोई विकल्व नहीं है।

   उपयोगकर्ता अभिकरण के द्वारा ग्राम बाड़ादरहा तहसील डभरा में 1200 मेगावाट कोयला आधारित विद्युत संयंत्र की स्थापना की गई है जिसमें आवेदित क्षेत्र संस्थान के अधिग्रहित भूमि के साथ लगी होने के कारण प्रस्तावित विकल्प ही एकमात्र विकल्प है एवं संस्थान के द्वारा प्रस्तावित विकल्प में अति आवश्यक क्षेत्र के व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिससे अन्य विकल्पो की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

**DB Power Limited**
Business Office : Village - Badadarha, Post - Kanwali, Dist - Janjgir - Champa, Chhattisgarh, PIN - 495 695
Tel. : +91-7389912699

5. कॉलम में L(iv) G में Copy of MOU / Agreement executed between the present owner and the user agency: आपने कलेक्टर का अनापत्ति पत्र अपलोड किया गया है। क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण क्षेत्र के स्वामी की सहमति अपलोड की जावें।

   क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण क्षेत्र हेतु संस्थान के द्वारा रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वनमण्डल अंतर्गत ग्राम उदउदा में कुल 10.000 हे. से अधिक राजस्व वन भूमि का चयन कर राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियो के निरीक्षण उपरांत एवं वन विभाग के विकास एवं वृक्षारोपण हेतु उपयुक्तता के आधार उपलब्ध कराया गया है। चूकिं आवेदित भूमि राजस्व वन भूमि है जिसके कारण से कलेक्टर का अनापत्ति पत्र अपलोड किया गया है। प्रथम चरण की स्वीकृति उपरांत संदर्भित पत्र के माध्यम से वनमण्डलाधिकारी धरमजयगढ़ के द्वारा कलेक्टर रायगढ़ को भूमि हस्तांतरण हेतु लेख किया जावेगा। अतः स्वामी की सहमति की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

6. कॉलम में L(vi) टोपोशीट कलर 1:50000 के Resolution में एवं प्रस्तावित क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण क्षेत्र मार्क होना चाहिए। मय हस्ताक्षर एवं सील के साथ सुधार कर अपलोड करें।

   कॉलम में C(iii) में रंगीन टोपोशीट (Resolution 1:50000) बॉउन्ड्री दर्शाते हुये यूजर ऐजंसी के हस्ताक्षर सहित अपलोड करा दिया गया है।

7. कॉलम में L(v) पर क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण क्षेत्र की जियो रिफ्रेंन्स नक्शा अपलोड कीजिए।

   कॉलम में L(v) क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण क्षेत्र की जियो रिफ्रेंन्स नक्शा अपलोड कर दिया गया है।

8. अतिरिक्त जानकारी में

   1. वनमण्डलाधिकारी द्वारा सत्यापित डी.जी.पी.एस. रिर्पोट संलग्न करें एवं रिमार्क पर जो जानकारी अपलोड की गई है स्पष्ट लिखे।

      ग्राम बाड़ादरहा जांजगीर चांपा वनमण्डल की 5.000 हे. व्यपवर्तित भूमि का वनमण्डलाधिकारी द्वारा सत्यापित डी.जी.पी.एस. रिर्पोट संलग्न है।

   2. राजस्व वन क्षेत्र कितना प्रभावित होगा, इसका रकबा हे. में देवें।

      राजस्व विभाग के रिकार्ड के अनुसार राजस्व वन क्षेत्र 5.000 हे. प्रभावित होगा।

   3. पंजीयन एवं प्रसंस्करण शुल्क हेतु छ.ग. शासन के संलग्न पत्र क्रमांक/एफ–7/22/2009/10–2 रायपुर दिनांक 30.06.2012 अनुसार वनमण्डलाधिकारी, जांजगीर चांपा वनमण्डल के नाम से डी.डी. बनवाकर अपलोड करें।

      आवेदक संस्थान के द्वारा पंजीयन शुल्क रु. 6000/– एवं प्रसंस्करण शुल्क रु 58000/– की राशि बैंकर्स चेक नं. 007098 एवं 007098 दिनांक 20.04.2019 के माध्यम से वनमण्डलाधिकारी जांजगीर चांपा के द्वारा चालान के माध्यम से 18.01.2016 को जमा करा दिया गया है। तत्संबंध में संस्थान के द्वारा वचन पत्र भी संलग्न किया गया है।

      अतः उपरोक्त बिन्दुओ की पूर्ति कर अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित है।

30.05.2019

प्राधिकृत अधिकारी
(डी.बी.पावर लिमिटेड)
जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग)